


# जल्दी सहायता

**फर्क लाती है!**

## माता-पिता कहाँ सहायता पा सकते हैं?

अपनी काउंटी के जल्दी हस्तक्षेप (Early Intervention Program) प्रोग्राम को कॉल करें। अपने बच्चे के विकास के आकलन के लिए आपका किसी से संपर्क कराया जाएगा। फिर, अगर आपका बच्चा पात्र है, तो जल्दी हस्तक्षेप प्रोग्राम के साथ मिलकर आप एक परिवार-केन्द्री योजना बनाएंगे।

## क्या सहायता उपलब्ध है?

जल्दी हस्तक्षेप सेवाएं आपके बच्चे को बढ़ने और विकास करने में सहायक होने के लिए, और आपको अपने बच्चे के विकास में सहायक होने और उसे प्रोत्साहित करने में सहायता करने के लिए प्रदान की जाती हैं। इन सेवाओं में मूल्यांकन सेवाएं (जैसे श्रवण और दृष्टि की जाँच), होम विज़िट, स्पीच, फिज़िकल और अन्य थेरेपियाँ; बाल विकास समूह; परिवार के लिए काउन्सलिंग या परामर्श और कभी-कभी परिवहन के लिए सहायता भी शामिल होती है। इन सेवाओं के लिए आपको खुद कोई खर्च नहीं करना पड़ता है।

## किन बच्चों को जल्दी सहायता की ज़रूरत होती है?

जन्म से लेकर तीन साल की उम्र का कोई भी बच्चा जिसका विकास धीमा हो, जिसे कोई अक्षमता हो या फिर ऐसी स्थिति हो जो विकास को प्रभावित कर सकती है, उसे मदद की ज़रूरत हो सकती है।

## मैं किसे कॉल करूँ?

अपनी काउंटी के प्रोग्राम के फोन नंबर के लिए **न्यूयॉर्क राज्य** "Growing Up Healthy" 24-घंटे कार्यरत हॉटलाइन को **1-800-522-5006** पर कॉल करें

न्यूयॉर्क शहर में, **311** को कॉल करें।

अगर आप **न्यूयॉर्क शहर जल्दी हस्तक्षेप प्रोग्राम** को न्यूयॉर्क सिटी के बाहर से कॉल कर रहे हैं, तो **212-639-9675** पर कॉल करें

या आप New York Parent and Kin Connection **हेल्पलाइन** **1-800-345-KIDS** (1-800-345-5437) को कॉल कर सकते हैं सोमवार से शुक्रवार सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक इस और अन्य बच्चों से जुड़ी सेवाओं के बारे में।


या फिर **न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग के वेबपेज** को यहाँ देखें

**www.health.ny.gov/community/infants_children/early_intervention/**

न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग
जल्दी हस्तक्षेप प्रोग्राम

# जल्दी सहायता

**फर्क लाती है!**






Growing Up Healthy
24-घंटे उपलब्ध हॉटलाइन
**1-800-522-5006**

न्यूयॉर्क शहर
**311**
या 212-639-9675

New York Parent and Kin Connection हेल्पलाइन
**1-800-345-KIDS**
(1-800-345-5437)

**न्यूयॉर्क राज्य स्वास्थ्य विभाग**
**पारिवारिक स्वास्थ्य संभाग**
**जल्दी हस्तक्षेप कार्यालय**
**https://www.health.ny.gov/community/infants_children/early_intervention/**

अधिक जानकारी के लिए अपने स्थानीय जल्दी हस्तक्षेप अधिकारी से यहाँ संपर्क करें:

NEW YORK STATE | Department of Health

0525 (Hindi) 10/11

# जल्दी सहायता

**फर्क लाती है!**


छोटे बच्चे अलग-अलग तरह से सीखते और विकसित होते हैं। एक शिशु दूसरे से जल्दी चले ऐसा हो सकता है, जब कि दूसरा शिशु पहले बात कर सकता है। अक्सर ये अंतर कट जाते हैं।

आपके शिशु या बच्चे को अतिरिक्त सहायता की ज़रूरत हो सकती है इसके लक्षणों के लिए नीचे दी हुई जाँच सूची को देखें। अगर आपकी अपने शिशु के विकास के बारे में चिंताएं हों, तो आप जितना जल्दी सहायता पाएं उतना अच्छा होगा। जल्दी सहायता से फर्क पड़ता है!



# बढ़ते बच्चों के लिए जाँच सूची


**जन्म से तीन साल की उम्र तक आप अपने बच्चे से यह करने की अपेक्षा कर सकते हैं। अगर आपको अपने शिशु के विकास के बारे में चिंताएं हों, तो अपने स्थानीय जल्दी हस्तक्षेप कार्यक्रम को कॉल करें।**



## 3 महीने

**तीन महीने** की उम्र में ज़्यादातर शिशु:

- ☐ चमकदार रंगों और रोशनी की दिशा में अपना सिर घुमा सकते हैं
- ☐ ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करते समय अपनी "आँखों को भैंगा" नहीं करते हैं। वे एक ही समय में अपनी दोनों आँखों को एक ही दिशा में घुमाते हैं।
- ☐ बोतल या स्तन को पहचान सकते हैं
- ☐ अपनी माँ की आवाज़ को प्रतिक्रिया देते हैं
- ☐ किलकारी मारते हैं
- ☐ अपने हाथ जोड़ते हैं
- ☐ हिलते-डुलते और हाथ-पैर मारते हैं
- ☐ पेट पर पड़े हों तब अपना सिर उठा सकते हैं
- ☐ आवाज़, खास कर वाचा की प्रतिक्रिया में शांत हो जाते हैं
- ☐ मुस्कुराते हैं



## 6 महीने

**छह महीने** की उम्र में ज्यादातर शिशु:


- ☐ हिलती-डुलती चीज़ के पीछे-पीछे नज़र घुमाते हैं
- ☐ आवाज़ के स्रोत की दिशा में घुमते हैं
- ☐ चीज़ों के लिए हाथ बढ़ाकर उन्हें उठा लेते हैं
- ☐ खिलौनों को एक हाथ से दूसरे में ले जाते हैं
- ☐ अपने पैरों की उंगलियों से खेलते हैं
- ☐ फीडींग के वक्त बोतल पकड़ने में मदद करते हैं
- ☐ परिचित चेहरे पहचानते हैं
- ☐ बोलने की आवाज़ की नकल करते हैं
- ☐ कोमल स्वरों, खास कर बात करने को प्रतिक्रिया देते हैं
- ☐ उलट सकते हैं



## 12 महीने

**12 महीनों** की उम्र में ज़्यादातर शिशु:


- ☐ उठ कर बैठ सकते हैं
- ☐ पकड़ कर खड़े हो जाते हैं
- ☐ कुछ वक्त के लिए बिना सहारे के खड़े हो सकते हैं
- ☐ रेंग सकते हैं
- ☐ कप या टेलीफोन का इस्तेमाल करते हुए बड़े लोगों की नकल उतार सकते हैं
- ☐ लुका-छिपी और चंदा मामा खेलते हैं
- ☐ हाथ हिला कर बाय कहते हैं
- ☐ चीज़ों को डिब्बे में डालते हैं
- ☐ कम से कम एक शब्द बोलते हैं
- ☐ "मा-मा" या "डा-डा" की आवाज़ निकालते हैं



## 18 महीने

**18 महीनों** की उम्र में ज्यादातर बच्चे:

- ☐ चीज़ों को खीचना और ढकेलना पसंद करते हैं
- ☐ कम से कम छह शब्द बोलते है
- ☐ सरल निर्देश का अनुसरण कर सकते हैं ("बॉल ले आओ")
- ☐ अपने जूते, मोज़े और मिटन्स उतार सकते हैं
- ☐ किसी किताब में आप जिसका नाम बोलें वह चित्र इशारे से दिखा सकते हैं
- ☐ खा सकते हैं
- ☐ क्रेयोन्स से कागज़ पर निशान बना सकते हैं
- ☐ बिना सहायता के चल सकते हैं
- ☐ ऊलटा चल सकते हैं
- ☐ चीज़ों को माँगने के लिए इशारे से दिखा सकते हैं, आवाज़ निकाल सकते हैं या शब्दों को इस्तेमाल करने की कोशिश कर सकते हैं
- ☐ "ना" कह सकते हैं, अपना सिर हिला सकते हैं या उन्हें न चाहिए उन चीज़ों को धक्का देकर दूर कर सकते हैं



## 2 साल

**दो साल** की उम्र में, ज्यादातर बच्चे:

- ☐ दो से तीन शब्दों वाले वाक्य इस्तेमाल करते हैं
- ☐ लगभग 50 शब्द बोल सकते हैं
- ☐ परिचित तसवीरें पहचान सकते हैं
- ☐ बॉल को सामने की तरफ लात मार सकते हैं
- ☐ चम्मच से खा सकते हैं
- ☐ आप से उन पर ध्यान देने का बहुत आग्रह कर सकते हैं
- ☐ दो या तीन पन्ने एक साथ पलट सकते हैं
- ☐ अपने माता-पिता की नकल करना पसंद करते हैं
- ☐ बालों, आँखों, कान और नाक को उनके सामने इशारा करके पहचान सकते हैं
- ☐ चार ब्लॉक का टावर बना सकते हैं
- ☐ प्यार जताते हैं



## 3 साल

**तीन साल** की उम्र में, ज्यादातर बच्चे:

- ☐ हाथ उठा कर बॉल फेंक सकते हैं
- ☐ ट्राइसिकल चला सकते हैं
- ☐ जूते पहन सकते हैं
- ☐ दरवाज़ा खोल सकते हैं
- ☐ एक वक्त पर एक पन्ना पलट सकते हैं
- ☐ कुछ मिनट के लिए दूसरे बच्चों के साथ खेल सकते हैं
- ☐ सामान्य बालगीत दोहरा सकते हैं
- ☐ तीन से पाँच शब्दों वाले वाक्य इस्तेमाल कर सकते हैं
- ☐ कम से कम एक रंग का सही नाम बता सकते हैं

**अगर आपके बच्चे को इनमें से कुछ चीज़ें करने में मुश्किल हो रही हो, तो किसी से बात करने से आपके मन को शांति मिल सकती है। जल्दी सहायता फर्क लाती है!**
**अपने डॉक्टर से बात करें या अपने स्थानीय जल्दी हस्तक्षेप कार्यक्रम को कॉल करें।**